# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025



Follow Us On
@Sahelijewellers

FIRST AND BIGGEST
Designer Jewellery Showroom

सहेली ज्वेलर्स
RAIPUR

5 लाख से भी अधिक सम्माननीय
परिवारों के विश्वास के लिए
धन्यवाद छत्तीसगढ़

3rd ANNIVERSARY
के
शानदार
सात दिन

आपके सहयोग और विश्वास से हमारी
यह रायपुर शोरूम की यात्रा सम्भव हुई है।
आपका स्नेह और उपस्थिति हमारे
लिए सम्मान का विषय होगी।

16th से 22nd नवम्बर

सिर्फ 3%
मेकिंग चार्ज
16th नवम्बर 7.00 AM TO 09.00 AM
केवल रायपुर शोरूम

सिर्फ 4%
मेकिंग चार्ज
16th नवम्बर 9.00 AM TO 12.00 PM
केवल रायपुर शोरूम

फ़्लैट 50% OFF
मेकिंग चार्ज
16 नवम्बर, दोपहर 12:01 बजे से
रायपुर और दुर्ग शोरूम

सभी 22 कैरेट गोल्ड, डायमंड एवं पोल्की ज्वेलरी पर

FISHTECH SOLUTIONS PVT. LTD.
CREATIVE HUB ADVERTISING
*T&C Apply

Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870

100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी।
100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी
किसी भी ज्वेलर्स से खरीदी हुई पुरानी गोल्ड ज्वेलरी पर पाएँ 100% वैल्यू
SUNDAY OPEN

## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बाल मेले का आयोजन

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय जमनीपली में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को पंडित नेहरू के जीवन, विचारों और आदर्शों से अवगत कराया। मेले में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें गुपचुप, सैंडविच, भेल, चाउमीन, मोमोज, चाय, फ्रूट चाट आदि जैसे आकर्षक व्यंजन शामिल थे। साथ ही छात्रों द्वारा तैयार की गई सुंदर क्राफ्ट सामग्रियों का एक विशेष स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के प्राथमिक वर्ग के छात्रों ने शासन के निर्देशानुसार एफएलएन मेला भी लगाया, जिसमें गणित, अंग्रेज़ी और विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को समझाने वाले चार्ट और मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। मेले में कुल 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए। जिनका छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर श्रीमती रेखा सिंह ने कहा कि बाल मेला न केवल मनोरंजन और स्वाद का अनुभव कराता है, बल्कि छात्रों में उद्यमिता की भावना भी विकसित करता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को लाभ-हानि जैसे व्यावहारिक सिद्धांतों को समझने में सहायता प्रदान करते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों में उत्साह तथा सीखने की ललक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

### चैतमा सेजस में हुआ नेवता भोज का आयोजन



**कोरबा।** चैतमा सेजस द्वारा छात्र-छात्राओं को नेवता भोज करायागया। उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय चैतमा द्वारा हाई स्कूल में अध्यनरत छात्र छात्राओं को बाल दिवस के उपलक्ष में नेवता भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें स्कूल में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं को भोजन कराया गया इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चंद्रानी सोम पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी सिंधराम डीके आदि शेख इसरार, मोहम्मद अमूंद एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। बाल दिवस की पूर्व संध्या छात्र-छात्राओं द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के व्यंजनों का इंस्टॉल लगाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### डीएवी खरमोरा में आयोजित किया गया आनंद मेला



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में बाल दिवस मनाया गया। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी तथा शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।आज विद्यालय की प्रार्थना सभा शिक्षकों के द्वारा की गई। जिसमें पंडित नेहरू से जुड़े प्रश्नोंत्तर किए गए। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा पंडित नेहरू के विचार भी व्यक्त किए गए। इस आनंद मेले में कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्रों ने विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के स्टाल लगाए। जिसमें समोसे ,मैगी, चाउमिन, पास्ता, गुपचुप, कपकेक ब्राउनी, भेल, कॉफी, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, फ्रेंच फ्राइज़ इत्यादि के स्टॉल लगाए गए। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के रीयल मनी गेम्स छात्रों द्वारा आयोजित किए गए और जीतने वाले को जीत की राशि दी गई। छात्रों ने इस आनंद मेले का खूब आनंद उठाया। इस आनंद मेले में छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी खूब आनंद उठाया। प्रत्येक कक्षा शिक्षकों ने अपने छात्रों को पेन, पेन्सिल, केक तथा चॉकलेट उपहार स्वरूप दिए। अंत में प्राचार्य मुखर्जी ने शिक्षकों तथा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू का मानना था कि कोई भी राष्ट्र तब तक पूरी तरह विकसित नहीं हो सकता जब तक उस देश के बच्चे अविकसित, अपने अधिकारों से वंचित और कमजोर हों। देश की भावी सफलता और समृद्धि बच्चों की सफलता एवं समृद्धि पर निर्भर करती है।

### कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती

# पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान : नत्थूलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे पं.नेहरू उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने पिता की तरह वकील बने बाद में वे महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अहम किरदार निभाया। नेहरू का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान था , देश की आजादी के लिए पं.नेहरू कई बार जेल भी गये।

उक्त बातें कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जयंती कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पं.जवाहर लाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात पं.नेहरू को याद करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पंडित नेहरू का भाषा पर नियंत्रण था और वे अपने विचार बड़ी सरलता एवं स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करते थे। भारत की प्राचीन सांस्कृतिक ख्याति का नेहरू जी पर बहुत प्रभाव था साथ ही विश्व इतिहास के विभिन्न पहलुओं से भी वे परिचित थे। पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि पं.नेहरू शांतिप्रिय स्वभाव के साथ साथ मेहनती व्यक्ति थे। आज भी पं.नेहरू को देश के प्रसिद्ध आदर्शों के रूप में याद किया जाता है। पं.नेहरू का बच्चों से जो लगाव था जिसके कारण ही देश में 14 नवम्बर को पं.नेहरू की जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। सांसद प्रतिनिधि सुरेश सहगल ने कहा कि पं.नेहरू केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं थे अपितु वे एक बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न महान पुरुष थे। वे एक अनुठे चिंतक व महान लेखक थे। संवेदनाओं से भरपूर पं. नेहरू ने भारत ही नही अपितु दुनिया के लोगों का अभूतपूर्व प्यार और सम्मान पाया। देश ने उन्हें राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कहा कि नेहरू जी एक सर्वप्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे। राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, चिंतक, साहित्यकार आदि सभी का समावेश उनके धनी व्यक्तित्व में था। उनकी बहुमुखी प्रतिभा उनकी स्वाभाविक उदारता में सोने में सुगंध का कार्य करती थी निश्चय ही वे भारत के रत्न थे। इस अवसर पर गजानंद साहू अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, मो.शाहिद अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, लक्ष्मीनारायण देवांगन, एडी जोशी, कुसुम द्विवेदी अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, संतोष राठौर ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद रवि चंदेल, मुकेश राठौर, बद्री किरण, अविनाश बंजारे, पालूराम साहू, रामगोपाल यादव, गिरधारी बरेठ सहित अन्य उपस्थित रहे।




नेहरु के जयंती कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

### नेहरू जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं डायबिटीज शिविर का आयोजन

**कटघोरा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर लायन्स क्लब कटघोरा–छुरी द्वारा गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया समाज सेवा की भावना से प्रेरित इस शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने पहुँचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। शिविर में गोपाल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी, हीमोग्लोबिन, बीएमआई सहित विभिन्न जांचें की गईं सांथ ही मरीजों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयाँ, परामर्श तथा आगे की चिकित्सा संबंधी निर्देश भी दिए गए स्थानीय नागरिकों ने इतने सुव्यवस्थित और उपयोगी शिविर के आयोजन के लिए क्लब और अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा गोपाल बन गोस्वामी ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और ऐसे शिविर समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से कई गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। मुख्य अतिथि ने क्लब के इस उत्कृष्ट सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की अपील की। लायन्स क्लब कटघोरा–छुरी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि नेहरू की जयंती बच्चों और युवाओं के प्रेरणास्रोत के रूप में मनाई जाती है, और इसी भावना से क्लब समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में क्लब के द्वारा उपस्थित नागरिकों, चिकित्सकों और स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया तथा सभी ने मिलकर ऐसे जनहितैषी कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,संरक्षक अजय गर्ग,दीपक गर्ग,कोषाध्यक्ष राकेश गोयल,उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल,स्वास्थ्य चेयरमैन डॉ गोपाल बन गोस्वामी,राकेश शर्मा सहित हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर व कर्मचारी उपस्थित रहे।




### आमापाली में मना बाल दिवस



शासकीय माध्यमिक शाला आमापाली में बाल दिवस मनाया गया है। जिसमें संस्था प्रमुख श्रीमती साजदा बेगम शेख मैडम द्वारा बच्चों के लिए केक ,नारियल मिठाई,केला, मिक्चर,चॉकलेट, खीर पूड़ी की व्यवस्था की गई थी जिसे चाचा नेहरू के तैल्यचित्र के पूजा अर्चना के बाद वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय में खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय, श्रीमती सुमिरन टोप्पो, रेखा कोरवा उपस्थित रही।

### युवा कांग्रेस ने बच्चों को बांटी कॉपी पेंसिल



ग्राम पंचायत अरदा जामचुआ आंगनबाड़ी में बाल दिवस मनाया गया। इस बीच कांग्रेस अरदा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले के नेतृत्व में बच्चों के बीच कलम, कॉपी, टॉफी और बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दिए और कलम, कॉपी, टॉफी और बिस्किट का वितरण किया गया। अरदा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों के प्रति उनका असीम प्यार और स्नेह हमेशा बना रहता था। वे बच्चों के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते थे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मना बाल दिवस



**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालक हरदीबाजार में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बालमेला तथा जनजाति गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुलेश्वर राठौर अध्यक्ष एसएमडीसी, विशिष्ट अतिथि लोकेश्वर कंवर सरपंच, नवीन राठौर एसएमडीसी सदस्य, श्रीमती माधुरी राठौर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा बाल दिवस मनाने के उद्देश्य एवं जनजाति गौरव दिवस मनाने के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के दिन को स्कूलों में बाल मेला एवं आनंद मेला के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.स्वाति सिंह तिर्की, गणेश सिंह कंवर, श्रीमती बिमला राठौर, श्रीमती गायत्री राठौर, प्रमोद कुमार राठौर, श्रीमती अदिति उपाध्याय, श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा, श्रीमती रीता सिंह, श्रीमती कंचन शीला नायक, श्रीमती प्रियंबा राजवाड़े, श्रीमती माधुरी, श्रीमती मल्लिका टंडन, श्रीमती फुलेश्वरी रात्रे, श्रीमती सीमा, छतराम सिदार, श्रीमती नीलिमा पांडेय, भुवनेश्वर सिंह मरावी, अविनाश कौशिक, श्रीमती लता अनंत, श्रीमती फूलबाई यादव एवं छात्र छात्राएं तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ंद घर मिशन 16 राज्यों में 10 हजार केंद्रों के साथ बनी सामाजिक प्रगति की पहचान

बाल दिवस के अवसर पर वेदांता समूह की सामुदायिक विकास शाखा अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) ने देश की सामाजिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साझा किया है। वेदांता की प्रमुख सामुदायिक पहल नंद घर ने 16 राज्यों में 10 हजार से अधिक केंद्रों का विस्तृत नेटवर्क स्थापित कर लिया है, जो प्रतिदिन 4 लाख से अधिक बच्चों और 3 लाख महिलाओं के जीवन को रूपांतरित कर रहा है।

नंद घर देश की आंगनबाड़ी प्रणाली को आधुनिक बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और महिलाओं के कौशल विकास को नई दिशा दे रहा है। आईसीडीएस कार्यक्रम के 50वें वर्ष में, नंद घर पारंपरिक आंगनबाड़ियों को तकनीक-सक्षम, आधुनिक केंद्रों में बदलकर जमीनी स्तर पर ठोस और दिखाई देने वाला परिवर्तन सुनिश्चित कर रहा है। हर नंद घर एक स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग उपकरण, बाला (बिल्डिंग एज लर्निंग एड) डिजाइन, विश्वसनीय बिजली, स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, और बच्चों के अनुकूल फर्नीचर से सुसज्जित है। यह 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए सुरक्षित, समावेशी और प्रेरणादायक स्थान प्रदान करता है। प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ नंद घर पोषण कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण अभियान और महिलाओं के कौशल विकास के माध्यम से पूरे समुदाय को सशक्त बनाने वाले केंद्र के रूप में कार्य रहा है।




### बाल दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



बाल मानस विद्या मंदिर रामपुर में बाल दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्या, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारत माता एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष वार्ड की पार्षद श्रीमती ममता यादव के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंच का संचालन सुश्री उमा चौहान के द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा गीत, भाषण, नृत्य, योग एवं व्यायाम की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्या जया मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

### बीएनजी स्कूल में बाल मेला का आयोजन



बाल दिवस के अवसर पर बीएनजी पब्लिक स्कूल में सरपंच लोकेश्वर कंवर ने फीताकाट कर बाल मेले का शुभारंभ किया। मेले में विद्यालय के बच्चों ने पानी, गुपचुप, भेलपुरी, काकलेट, झालमुडी, चाट, पाव भाजी, फ्रुट सलाद, मंचुरियन सहित अन्य खाद्य व्यंजन बनाए। जिसका अतिथियों व पालकों ने आनंद लिया। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन, संस्था के अध्यक्ष मनोहर लाल गुरुद्वान, संस्था संचालक रमाकांत गुरुद्वान, समिति अध्यक्ष सुरेंद्र राठौर, प्राची गुरुद्वान, रेखराम पांडेय, आशीष राठौर, मनमोहन खांडे, अनिता पाटकर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व पालक उपस्थित थे।

## दूरस्थ अंचल तक पहुंचा अन्न का अधिकार, चलित वाहन से अब होगा घर-घर राशन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में निवासरत ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं का लाभ सुलभ कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में हाल ही में एक ऐसी पहल की गई, जिसने ग्राम कदमझरिया के पहाड़ी कोरवा जनजातीय परिवारों के जीवन में राहत और भरोसे की नई किरण जगाई है।

ग्राम पंचायत गढ़उपरोड़ा के आश्रित ग्राम कदेमझरिया में रहने वाले लगभग 35 राशनकार्डधारी परिवारों को प्रतिमाह शासन की महत्वाकांक्षी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन प्राप्त करने के लिए 6 से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मुख्यालय तक पैदल जाना पड़ता था। पहाड़ी मार्गों और सीमित परिवहन सुविधा के कारण यह कार्य विशेष रूप से महिलाओं, वृद्धजनों और बच्चों के लिए अत्यंत कठिन था। इस समस्या से ग्रामीणों ने 12 नवम्बर को गाँव के दौरे पर पहुँचे कलेक्टर अजीत वसंत को अवगत कराया। ग्रामीणों की पीड़ा सुनते ही जिलाधीश ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए समाधान के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कँवर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र एक दिन के भीतर 13 नवम्बर से ही ग्राम कदमझरिया में चलित वाहन (मोबाइल पीडीएस यूनिट) के माध्यम से राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था प्रारंभ कर दी। अब पहाड़ी कोरवा जनजाति के परिवारों को अपने ही गाँव में अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता का प्रमाण है।

## महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव एवं सड़क सुरक्षा अभियान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय महाविद्यालय दीपका में स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव एवं सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन छग नव प्रगति मंच, गोंडवाना पीस फाउन्डेशन एवं जिला पुलिस के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समीति शासकीय महाविद्यालय दीपका एवं उपाध्यक्ष नगर पालिका दीपका थे। कार्यक्रम में यातायात पुलिस विभाग मनोज राठौर सहायक निरीक्षक के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा गोंडवाना पीस फाउन्डेशन एवं छग नव प्रगति मंच के द्वारा छात्र/छात्राओं एवं ग्रामीणजनों का रक्तसमूह परीक्षण, बीपी इत्यादी का परीक्षण किया गया। छात्र/छात्राओं एवं ग्रामीणजनों द्वारा रक्तदान किया गया। समस्त रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समीति के साथ सूर्यप्रकाश शर्मा, बसंत कंवर जनपद सदस्य, हेमंत नेटी भूतपूर्व छात्र, सपूरण सिंह निर्देशक छग नव प्रगति मंच, मनोज राठौर सहायक निरीक्षक, अर्जुन वस्त्राकार मैनजिंग डायरेक्टर छग नव प्रगति मंच, गणेश उईके संचालक गोंडवाना पीस फाउन्डेशन तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, आफिस स्टाफ एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसके राठौर सहा. प्राध्यापक के द्वारा तथा अतिथियों का आभार प्रदर्शन जेसी देवांगन सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया तथा प्राभारी प्राचार्य डॉ. ममता ठाकुर के द्वारा रक्तदान की उपयोगिता एवं सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के स्वास्थ्य का हाल-चाल जानेंगे राजधानी के 150 चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- गोमुखी सेवा धाम की पहल पर दिखाएंगे सामाजिक सरोकार

कोरबा विकासखंड के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगो के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल करने और उन्हें आरोग्यमय जीवन देने की कोशिश की जा रही है। राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर सहित 125 डॉक्टर की टीम दोपहरी और इसके आसपास के गांव में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। 30 सीनियर डॉक्टर इनका मार्गदर्शन करेंगे। गोमुखी सेवा धाम देव्पहरी की पहल पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने ग्रामीण क्षेत्र में अपने सामाजिक सरोकार दिखने सुनिश्चित किए हैं। राजधानी रायपुर से आज कोरबा पहुंचे डॉक्टर ने कुछ देर स्थानीय स्तर पर लोगों से संवाद किया और फिर उनकी टीम देवपहरी के लिए प्रस्थान कर गई। बताया गया कि देवपहरी और इसके आसपास के 40 ग्रामों को आधार बनाते हुए सेवा कार्य करना तय किया गया है। राजधानी से पहुंचे डॉक्टर की टीम इन ग्रामों में कल से 3 दिन के लिए शिविर लगाएगी। डॉक्टर की टीम में हृदय रोग, त्वचा रोग, किडनी, गैस्ट्रिक, न्यूरो, मेडिसिन, सर्जरी और सामान्य चिकित्सा से संबंधित डॉक्टर शामिल हैं। इनमें से कुछ शोधार्थी भी हैं जो चिकित्सा के विभिन्न आयाम पर काम कर रहे हैं। बताया कि डॉक्टर के संज्ञान में ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याएं आई हैं और वह इसे लेकर काफी समय से काम कर रहे हैं। इसलिए जब इन्हें कोरबा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर कैंप करने और लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ उन्हें आवश्यक परामर्श देने के लिए कहा गया तो वह सहर्ष तैयार हो गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ विशाल उपाध्याय ने बताया कि चिकित्सको के प्रवास और उनके कैंप के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं गोमुखी सेवा धाम देवपहरी की ओर से गई है।



कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

4
सुनालिया पुल में जाम की समस्या को दूर करने की कार्ययोजना पर शीघ्र होगा कार्य



निर्वाचन विभाग के एसआईआर कार्यक्रम के दौरान मैदानी क्षेत्र में दिख रही लापरवाही

# कहीं बीएलओ नहीं पहुंच रहे तो कहीं सभी सदस्यों को गणना पत्रक नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के दौरान मैदानी क्षेत्र में बीएलओ स्तर के कर्मचारियों के द्वारा उदासीनती बरती जा रही है।

**खास बात**

- वर्ष 2003 के मतदाता सूची में नाम खोजने के लिए भी बीएलओ नहीं कर रहे सहयोग



ग्रामीण के घर पहुंचे बीएलओ।

कई ऐसी जगह हैं जहां अभी भी मतदाता बीएलओ के आने का इंतजार कर रहे हैं तो कहीं बीएलओ परिवार के सभी मतदाता सदस्यों को पूरा गणना पत्रक नहीं दे रहे हैं।

शहर से लेकर गांव तक इस समय एसआईआर कार्यक्रम को लेकर मतदाताओं को जारी किए गाइड लाइन के तहत तकनीकी परेशानियों का सामना तो करना पड़ ही रहा है वहीं इसके अलावा मतदाताओं को सबसे ज्यादा परेशानी उन व्यवहारिक कठिनाईयों से हो रही है जिनका निराकरण बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा किया जा सकता है लेकिन उनके द्वारा भी पूर्व की तरह चले मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की तरह ही कार्य किया जा रहा है जबकि यह एसआईआर कार्यक्रम मतदाता के स्थायी निवास से संबंधित है इस दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें सभी मतदाता को गणना पत्रक भरना अनिवार्य है लेकिन उन्हें तो गणना पत्रक ही नहीं मिल रहे हैं। किसी परिवार में 5 सदस्य हैं तो उस घर में एक ही मतदाता का गणना पत्रक दिया जा रहा है। शेष मतदाता का गणना पत्रक मांगने पर खोजकर देने की बात कही जा रही है। इसी तरह वर्ष 2003 की मतदाता सूची को मतदाताओं को स्वयं तलाश करना पड़ रहा है। बीएलओ अधिकारी वर्ष 2003 की मतदाता सूची को अपने पास नहीं होने का कारण बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जिसका खामियाजा मतदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। कई मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां बूथ लेवल अधिकारी ही बैठे हैं और मतदाता वहां जाकर ही गणना पत्रक ले रहे हैं तब जाकर उन्हें पूरा गणना पत्रक मिल रहा है।

### दिन भर लग रहा है मतदाताओं का समय

मतदाता सूची में नाम खोजने से लेकर गणना पत्रक भरने के लिए मतदाता को दिन भर का समय देना पड़ रहा है। कई ऐसे पुरुष मतदाता हैं जो छुट्टी लेकर मतदाता सूची में अपना नाम खोजने और फिर गणना पत्रक भरने का काम कर रहे हैं। गणना पत्रक भरने के लिए भी उन्हें किसी जानकार लोगों से संपर्क करना पड़ रहा है। कई प्रकार के दस्तावेज मांगे जाने के कारण मतदाताओं को अपने गृह निवास जाने के लिए भी 2 से 3 दिन तक की छुट्टी लेनी पड़ रही है।

### सभी को गणना पत्रक देना अनिवार्य

सभी बूथ लेवल अधिकारियों को एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत सभी मतदाताओं को गणना पत्रक देने के लिए निर्देशित किया गया है। गणना पत्रक नहीं मिलने के मामले में संबंधित अधिकारियों से इसकी जानकारी लेंगे।

- **अजीत वसंत,** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी

# कोल इंडिया अनुषंगी कंपनियों में 400 चिकित्सकों की करेगी तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया अपनी अनुषंगी कंपनियों में शीघ्र 400 चिकित्सकों की बहाली करेगी। इनमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक भी शामिल होंगे। पैरामेडिकल, लैब टेक्नीशियन और फार्मासिस्ट की बहाली कंपनी स्तर पर करने की अनुमति दे दी गयी है, ये सभी गैर-अधिकारी श्रेणी के पद हैं। कंपनियां अपनी आवश्यकता के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी करेंगी। इसको लेकर कंपनियों से यह रिपोर्ट मांगी है कि किस विभाग में कितने चिकित्सकों की कमी है। रिपोर्ट मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। लक्ष्य है कि चालू वित्त वर्ष यानी मार्च 2026 तक पूरी बहाली प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। उल्लेखनीय है कि फिलहाल कोल इंडिया में 1055 चिकित्सक कार्यरत हैं, जबकि 400 और चिकित्सकों की आवश्यकता है। वर्तमान में सीसीएल में 150, बीसीसीएल में 145, इसीएल में 157 और एसईसीएल में 150 चिकित्सक कार्यरत हैं। इसीएल को 42, सीसीएल को 70 और बीसीसीएल को 22 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत है। जानकारी के अनुसार कोल इंडिया अपने अस्पतालों को भी आधुनिक बना रही है। नई मशीनें लगायी जा रही हैं, इसके लिए देश भर के कई प्रमुख अस्पतालों के साथ कोल इंडिया का समझौता हुआ है।









## खबर संक्षेप



### एसीसी बैचिंग प्लांट पर इनकम टैक्स ने मारा छापा

**कोरबा।** बालको क्षेत्र स्थित एसीसी बैचिंग प्लांट में इनकम टैक्स विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। बिलासपुर और कोरबा आईटी विभाग द्वारा की गई इस संयुक्त कार्रवाई का संबंध जीएसटी चोरी और करोड़ों की संदिग्ध लेन-देन की जांच से बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार रेत सप्लाई से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है। अचानक हुई छापेमारी से प्लांट परिसर और स्थानीय सप्लायरों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। विभाग की टीम दस्तावेजों और लेन-देन से संबंधित फाइलें अपने कब्जे में लेकर जांच में जुटी थी। हालांकि इनकम टेक्स के अधिकारियों ने कार्यवाही को लेकर किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी है। टीम द्वारा घंटों तक दस्तावेज खंगाले गए और फाइलों को अपने कब्जे में लिया है।

### भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**कोरबा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवम्बर को पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनायी जाएगी। इस अवसर पर जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, सांसद एवं विधायकगण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण अधिकारिक यूट्यूब चैनल एवं डीडी न्यूज़ के माध्यम से होगा, जिसे देखने और सुनने की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल पर होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश पत्र वाचन होगा तथा पीएम जनमन, आदि कर्मयोगी, धरती आबा जैसी योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी प्रदर्शित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे नगर के राजीव गांधी ऑडोटोरियम में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत करेंगी।

### पीली कोठी में श्रीराम कथा का आयोजन 21 से

**कोरबा।** नगरवासियों के श्रद्धा, उत्साह और सामूहिक प्रयास से पीली कोठी परिसर में भव्य श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह पावन कथा 21 से 29 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी। इस आध्यात्मिक आयोजन में सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य शम्भू शरण लाटा अपने मधुरवाणी से भक्तों को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और भक्ति के संदेशों से अभिभूत करेंगे। कथा के दौरान प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के जीवन प्रसंगों के माध्यम से धर्म, सत्य और प्रेम की गहराइयों का दर्शन कराया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा और विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत विशेष अभियान का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत 15 से 30 नवम्बर तक विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र परिवारों के प्रथम बच्चे के जन्म पर 2 किश्तों में 5 हजार तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर एकमुश्त 6 हजार दिये जाने का प्रावधान है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मजदूरी के नुकसान की भरपाई के लिए महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार एवं तंग पोषण के प्रभाव को कम करना है। योजना का लाभ लेने हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी आंगनबाड़ी एवं परियोजना कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

---

जिला प्रशासन ने धान खरीदी के लिए सहकारिता निरीक्षक कृषि विस्तार अधिकारी की लगाई है ड्यूटी

# धान खरीदी आज से, कृषि विस्तार अधिकारियों ने खरीदी कार्य से अलग रखने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज से समर्थन मूल्य में शुरु हो रही धान खरीदी के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जिन कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है उनके द्वारा शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का विरोध करते हुए विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपकर खरीदी कार्य से अलग रखने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने अन्य विभागीय कार्य का दबाव होने का भी हवाला दिया है।

31 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य लेकर शनिवार से सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी करते हुए सभी केंद्रों में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है इसके तहत सभी 65 उपार्जन केंद्रों में सहकारिता निरीक्षक से लेकर सहायक कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, खाद निरीक्षक जैसे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनके लिए कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें भाग लेने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पहुंचे तो जरुर लेकिन उन्होंने धान खरीदी के कार्य से अलग रखने की मांग करते हुए उप संचालक कृषि डीपीएस कंवर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उन्होंने कृषि आयुक्त के उस पत्र का भी हवाला दिया जिसमें आयुक्त के द्वारा सभी कलेक्टर को पत्र लिखकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की धान खरीदी में ड्यूटी नहीं लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण लेने पहुंचे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने बताया कि उनके पास मैदानी क्षेत्र के अन्य विभागीय कार्यों का दबाव रहता है जिसकी वजह से वह धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य को करने के लिए समय नही दे पाएंगे।



कलेक्टोरेट के बाहर खड़े ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी।

#### मिला है ज्ञापन

धान खरीदी कार्य से अलग रखने के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का ज्ञापन मिला है। उन्होंने अन्य विभागीय कार्य की जिम्मेदारी होने का हवाला भी दिया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी रखा गया था जिसमें शामिल होने आए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने ज्ञापन दिया है।

**- डीपीएस कंवर,** उपसंचालक कृषि विभाग

#### होगी डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती

खरीदी कार्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी डाटा एंट्री ऑपरेटर के हड़ताल में जाने के बाद उनके स्थान पर आउटसोर्सिंग से प्रशासन ने नए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती कर ली है। जबकि पुराने डाटा एंट्री ऑपरेटर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चल रहे हैं। जिले में समिति प्रबंधक, फड़ प्रभारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, चौकीदार और हमाल सहित लगभग 250 कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं।

#### सुरक्षा के लिए तैनात होंगे कोटवार

धान खरीदी के बाद उनकी सुरक्षा के लिए समिति के द्वारा चौकीदार की व्यवस्था की जाती है उनके भी हड़ताल में चले जाने से राजस्व विभाग ने गांव के कोटवार को चौकीदारी का जिम्मा सौंपा है। जो खरीदी के पहले दिन से ही चौकीदारी का काम संभालेंगे। इसी तरह हमाली के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को मजदूरों की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए हैं।

---

## एसईसीएल दीपका प्रबंधन व हरदीबाजार वासियों में शह मात का चल रहा है खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन व प्रशासन द्वारा प्रभावित ग्राम हरदीबाजार में मकानों व परिसंपत्तियों की नापी सर्वे के लिए कोटवार से मुनादी कराई गई। वहीं दूसरी ओर नापी सर्वे के विरोध में ग्रामवासियों ने बैठक कर एसईसीएल के दबाव के विरोध में जनजागरण रैली निकाल कर विरोध जताया।

एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन की दबाब पूर्ण नीति से हरदीबाजार के ग्रामवासी आक्रोशित है। शुक्रवार की सुबह 8 बजे एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन के आदेश पर हरदीबाजार कोटवार ने आटो में लाउडस्पीकर के माध्यम से मकानों व अन्य परिसंपत्तियों की नापी सर्वे करवाने की मुनादी करवायी। इस दौरान यह भी कहा गया कि यदि नापी सर्वे नहीं करवाएंगे तो जीपीएस और ड्रोन के जरिए सर्वे के माध्यम से नापी सर्वे करने व जिसकी जवाबदारी स्वयं मकान मालिक की होगी, जबकि इस संबंध में किसी प्रकार की लिखित जानकारी ग्रामपंचायत को नहीं दी गई है। इस से ग्रामवासियों में आक्रोश देखने को मिला। यही वजह है कि शुक्रवार की दोपहर बैठक आयोजित कर ग्रामवासियों ने पंचायत भवन से पुराना कालेज रोड, कालेज चौक, शांतिनगर, शिक्षक नगर में जनजागरण रैली निकाल कर अपना विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा ग्रामवासियों की मांगों में बिना सहमति दबाब बनाकर दहशत और आशांति का महौल बनाया जा रहा है। मांगों पर बिना लिखित सहमति दिए बगैर नापी सर्वे न कराने की बात कही। एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने 15 अक्टूबर से शासकीय मकानों की नापी सर्वे शुरू की जो 13 नवम्बर तक महज लगभग 40-50 मकान ही नापी कर पाई है। जिसे वे घर के परिवारों की सदस्य संख्या को जोड़ कर 100 मकानों की नापी सर्वे होने का हवाला दे रही है जो सरार गतल व आधार हीन है।



मुनादी के लिए आटो में लगा स्पीकर।

---

## सुनालिया पुल में जाम की समस्या को दूर करने की कार्ययोजना पर शीघ्र होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुनालिया पुल सड़क पर प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या को दूर करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सुनालिया पुल में नवीन ब्रिज निर्माण की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व अधिकारियों की टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया तथा सुनालिया चौक के पास फ्री इंटरसेक्शन ब्रिज एवं अग्रसेन तिराहा नवीन ब्रिज के साथ ही डीडीएम रोड से कनेक्टिविटी, नवीन सड़क निर्माण आदि के संबंध में त्वरित रूप से डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

शहर के पावर हाउस रोड स्थित सुनालिय पुल सड़क पर ट्रैफिक के अत्यधिक दबाव एवं वहां पर प्रतिदिन लगने वाले सड़क जाम की स्थिति को दूर कर वहां का आवागमन सुगम बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा कोरबा प्रवास के दौरान सुनालिया पुल में नया ब्रिज निर्माण तथा इसके लिए 9 करोड़ रूपये राशि की स्वीकृति की घोषणा गई थी। मुख्यमंत्री श्री साय की घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने स्थल का निरीक्षण किया। सुनालिया पुल, डीडीएम रोड तथा डीडीएम रोड से नहर की ओर जाने वाले मार्ग का भ्रमण कर सुनालिया चैक के पास फ्री इंटरसेक्शन एवं अग्रसेन तिराहा पर नवीन ब्रिज के साथ ही डीडीएम रोड से कनेक्टिविटी के साथ-साथ नहर के किनारे-किनारे सुनालिया चौक तक नवीन सड़क निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने अधिकारियों को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, राहुल मिश्रा, आकाश अग्रवाल, गुलिस्ता साहू, किरण साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



स्थल का निरीक्षण करते कलेक्टर, आयुक्त एवं अन्य।

#### उजाड़ पड़े फल उद्यान में विकसित होगा फ्रुट मार्केट

नगर निगम द्वारा निहारिका के सामने स्थित उजाड़ पड़े फल उद्यान परिसर में फ्रुट मार्केट विकसित कर निहारिका क्षेत्र में स्थित फल ठेलों को वहां पर व्यवस्थित करने, 20 दुकानों का निर्माण कर सुभाष चैक में स्थित दुकानों को विस्थापित कर चौक को व्यवस्थित करने, परिसर को बाउण्ड्रीवाल से सुरक्षित कर अवैध कब्जे से बचाने, वहां स्थित वर्किंग वूमेन हास्टल तक पहुंच मार्ग के लिए सड़क निर्माण करने आदि की कार्ययोजना तैयार की गई हैं। कलेक्टर अजीत वसंत ने फलोद्यान परिसर का निरीक्षण किया। कार्य योजना का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुभाष चौक में स्थित निगम की दुकानों में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की सहमति के साथ आवश्यक डिटेल्स तैयार कर प्रस्तुत करें। साथ ही बाउण्ड्रीवाल का निर्माण व वर्किंग वूमेन हास्टल तक सड़क निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


---

## ऑनलाइन गेमिंग से युवती की हुई पहचान पिस्टल लेकर पहुंचा था मिलने, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिहार में रहने वाला एक युवक की ऑन लाइन गेमिंग के माध्यम से एक युवती से जान पहचान हो गई और वह युवती से मिलने के लिए शहर पहुंच गया था और बकायदा अपने कमर में पिस्टल रखकर मिलने पहुंचा था। जब बस्तीवासियों की उस युवक के कमर पर रखे पिस्टल पर नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गये और जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के टीम ने मौके पर दबिश दी तो युवक के कब्जे से पिस्टल व 6 नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही युवक जिस डॉर्मेटरी में रुका था वहां पहुंचकर तलाशी ली तो वहां भी पुलिस को कुल 32 नग जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने मामले में पिस्टल रखने वाले युवक और डॉर्मेटरी संचालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

सिविल लाईन थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना को मुखबीर से सूचना मिली कि पथर्रीपारा गणेश चौक के पास एक युवक सिल्वर रंग की पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना पाते ही सिविल लाईन थाना प्रभारी श्री डनसेना ने दल बल सहित पथर्रीपारा गणेश चौक पर दबिश दी जहां युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने जानकारी दी कि वह मूलतः बिहार के ग्राम चकवा का रहने वाला है जिसका नाम राहुल कुमार सिंह पिता स्व शशिचंद्रशेखर आजाद कुसवाहा है। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस रोड स्थित एक डॉर्मेटरी में दबिश दी जहां राहुल रुका हुआ था। जब उसके कमरे की तलाशी ली तो पुलिस को उसके कमरे से जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 32 कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने डॉर्मेटरी संचालक बबलू यादव को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। सिविल लाईन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि बिहार निवासी राहुल ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से पथर्रीपारा निवासी एक युवती से पहचान हुई थी और उससे मिलने के लिए बिहार से पथर्रीपारा पहुंचा हुआ था और डॉर्मेटरी में रुका हुआ था। फिलहाल पुलिस इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी से जप्त पिस्टल एवं जप्त कारतूस



आरोपी युवक



डॉरमेट्री संचालक

#### खास बात

- बिहार से पहुंचा था कोरबा, डॉर्मेटरी संचालक के खिलाफ भी मामला दर्ज

---

हेल्थ न्यूज

## निःसंतान दंपत्तियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर कोरबा में 16 नवम्बर को

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के तत्वाधन में कोरबा में निःसंतान दंपत्तियों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर दिनांक 16 नवम्बर को रविवार समय 11:00 बजे से 2:00 बजे तक डॉ रोहित बंछोर, नवजीवन नर्सिंग होम, कोसाबाडी, कोरबा, छत्तीसगढ़ में आयोजित होगा। शिवर में आने के लिए 8109037050 पर फोन करके अग्रिम पंजीयन करना आवश्यक है। इस शिविर में नलियों में रूकावट या अन्य कोई खराबी होना, अण्डो का न बनना अथवा समय पर न फूटना, पुरूष की वीर्य में शुक्राणुओ का कम होना अथवा निल होना, माहवारी का अनियमित होना अथवा महिलाओं में मासिक धर्म बंद होना, बच्चेदानी में गांठ, सुजन आदि सें ग्रसित होना, दो-तीन बार कृत्रिम गर्भाधान कराने पर भी सफलता ना मिलना, बार-बार गर्भपात होना, सभी जांच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना, पुरूष अथवा महिला किसी का भी नसबंदी का होना आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी।



### कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्यों ने गेवरा कालोनी का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कंपनी के वेलफेयर कमेटी सदस्य गेवरा पहुंचे। टीम के सदस्यों ने गेवरा कालोनी के अलावा चिकित्सालय व स्कूल का भी निरीक्षण किया। उनके साथ एरिया वेलफेयर कमेटी सदस्य शामिल थे। उल्लेखनीय है कि वेलफेयर समिति हर तीन माह में एरिया का दौरा करते हैं और रिपोर्ट बनाने के बाद कालोनियों में कार्य किए जाते हैं। शुक्रवार को कंपनी सदस्य प्रीतम पाठक महेंद्र पाल सिंह, राजेश शर्मा सहित अन्य सदस्य गेवरा पहुंचे और कालोनी का निरीक्षण करते हुए शिकायत स्थल भी पहुंचे। ऊर्जानगर बी 177 केंद्रीय कर्मशाला वेलफेयर कमेटी सदस्य लखनसिंह के आवास में लगा पाइप लाइन टूटा हुआ है। इसकी शिकायत किए जाने के बद भी अभी तक सुधार कार्य नहीं हुआ है। एसकेएमएस के एलपी चंद्रा ने कहा कि कोयला कामगार अपनी शिकायत को लगातार दर्ज कराते रहे हैं। कंपनी सेफ्टी सदस्यों के साथ आरके पांडेय, सुनील पटेल, हमराज राव, मणीकांत, एमपी सिंह, सीताराम साहू शामिल रहे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

---

आम हाथियों से कद काठी में है विशाल, निगरानी के लिए विशेष टीम गठित

# विशालकाय गजराज की जंगल में धमक, पैरों से धंसी जमीन, वन अमला अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड में एक दंतैल हाथी जो बाकी हाथियों से कद काठी में विशालकाय है। वन विभाग के अधिकारियों ने इस विशालकाय हाथी की निगरानी के लिए ड्रोन एक्सपर्ट की स्पेशल टीम गठित किया है। यह टीम लगातार निगरानी कर पल-पल की जानकारी ले रही है।

उल्लेखनीय की कोरबा मंडल में 51 हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से विचरण कर रहा है और जानमाल को नुकसान पहुंचा रहा है। कुछ दिन पूर्व ही एक हाथी ने ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद वन विभाग की टीम एक्शन में आयी और हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए जंगल में निगरानी बढ़ाई। निगरानी के दौरान निगरानी दल को झुंड में शामिल एक दंतैल हाथी कुछ अलग दिखा इसका आकार आम दंतैल हाथियों की अपेक्षा बड़ा था। टीम ने ड्रोन कैमरे से जब इस हाथी की तस्वीर ली तो पाया कि दंतैल हाथी की कद काठी काफी विशालकाय है। जिसकी सूचना वन विभाग के वरिष्ठ अफसरों को दी गई है। खतरे के अंदेशे को देखते हुए विभाग ने इस दंतैल हाथी की निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की है जो ड्रोन कैमरे के माध्यम से लगातार उस पर नजर बनाए हुए हैं और उसकी हर गतिविधियों का रिकार्ड भी तैयार किया जा रहा है। बता दें कि पूर्व में कोरबा व रायगढ़ वन मंडल में गणेश नामक दंतैल हाथी भी कुछ इसी तरह की कद काठी का था जो बहुत ही आक्रमक था और कई लोगों को मौत के घाट उतार चुका था। गणेश की रायगढ़ वन मंडल में मौत हो चुकी है जिसके बाद इस तरह की कद काठी का दंतैल हाथी सामने नहीं आया था। एक फिर से जंगल में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड में एक विशालकाय दंतैल हाथी नजर आया है। संभावना जतायी जा रही है कि यह दंतैल हाथी बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वन मंडल में सौ से अधिक हाथियों के झुँड में सबसे बेहतर कद काठी है।




विशालकाय दंतैल।



हाथी के चलने से धंसा जमीन।

#### मस्त अवस्था में है दंतैल

वन विभाग के एसडीओ एसके सोनी ने बताया कि जिस तरह से अन्य हाथियों की अपेक्षा कद काठी में बड़ा है यह बहुत ही खतरनाक हो सकता है। वन विभाग की टीम लगातार इस पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। यह अभी मस्त अवस्था में है। दंतैल हाथी दो दिनों से अकेले विचरण कर रहा था लेकिन शुक्रवार को यह अपने झुंड में शामिल हो गया है जो एक अच्छी खबर है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411